>

Title: Situation arising out of the delay in organizing the centenary celebrations of freedom fighter and socialistic leader Dr. Ram Manohar Lohia.

MADAM SPEAKER: The House will now take up matters of urgent public importance. Dr. Raghuvansh Prasad Singh.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): महोदया, डाक्टर राम मनोहर लोहिया हिंदुस्तान के महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर समाजवादी आंदोलन के प्रखर नेता, समाजवादी चिंतक थे। उन्होंने आजीवन करोड़ों गरीबों के लिए सवाल उठाने का काम किया। वह सप्तक्रांति के जनक थे। नर-नारी समता के संबंध में, सबसे पहले डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने आवाज उठाने की कोशिश की।

महोदया, उनका जन्मदिन अब करीब आ रहा है, लेकिन मैं देख रहा हूं कि सरकारी कैंप में कोई सुगबुगाहट नहीं है। जो महान स्वतंत्रता सेनानी और महापुरूष देश में हुए हैं, उनका जन्मदिन, जन्मशताब्दी समारोह मनाने का काम सरकार का कल्चर विभाग करता है, लेकिन डा. राम मनोहर लोहिया की जन्मशताब्दी समारोह के लिए कोई तैयारी मैं नहीं देख रहा हूं। हिंदुस्तान के अंदर जो उनके मानने वाले लोग हैं, सब लोगों में सक्रियता है और दुनिया के विभिन्न मुल्कों में लोग सक्रिय हो गए हैं कि डाक्टर राम मनोहर लोहिया का जन्मशताब्दी वर्ष मनाया जाए। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि डा. राम मनोहर लोहिया जन्मशताब्दी समारोह मनाने के लिए कल्चर विभाग सक्रिय हो और इसकी तैयारी शुरू हो, जो 23 मार्च, 2010 को है और साल भर तक शानदार-जानदार ढंग से प्रखर नेता डा. राम मनोहर लोहिया की जन्मशताब्दी मनायी जाए। इसके लिए सदन से भी दरख्वास्त है कि इस ओर सभी लोग सहयोग करें। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : निम्नलिखित माननीय सदस्य श्री रघुवंश प्रसाद जी के भाषण के साथ अपने का संबद्ध करते हैं -

श्री शैलेन्द्र कुमार,

श्री रामकिशुन,

श्री राधा मोहन सिंह,

श्री तूफ़ानी सरोज,

श्री मंगनी लाल मंडल।